कार्यालय, पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/प्राशिपूप/दिशा निर्देश/2019 दिनांकः 9.12.2019

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त

विषयः प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2020 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5), 2020 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 8), 2020 एवं प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (कक्षा 5), 2020 के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावे तथा सतत् प्रबोधन सुनिश्चित किया जावे।

1. राजकीय विद्यालयों/राजकीय संस्कृत विद्यालयों के संस्थाप्रधान शाला दर्पण पोर्टल जबकि निजी विद्यालयों/मदरसों के संस्थाप्रधान पी.एस.पी पोर्टल के अपने विद्यालय लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड के माध्यम से परीक्षार्थियों के ऑनलाइन आवेदन करवायेंगे।
2. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में संस्थाप्रधान यह सुनिश्चित करेंगे कि कक्षा 8 एवं कक्षा 5 में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों की वांछित सूचनाएँ सम्बन्धित पोर्टल पर विद्यालय अभिलेख के मुताबिक शत प्रतिशत सही हों। वे उक्त सूचनाओं की विशुद्धता सुनिश्चित करेंगे।
3. सम्बन्धित पोर्टल पर ऑनलाइन 'आवेदन पत्र मॉड्यूल' में प्रत्येक परीक्षार्थी की समस्त सूचनाएँ प्रदर्शित होंगी। संस्थाप्रधान यह सुनिश्चित करेंगे की सूचना का मिलान संस्था के मूल अभिलेख से कर लिया गया है। विद्यार्थी का विवरण सही होने पर ही आवेदन को पूर्ण किया जाना है। किसी भी प्रकार के संशोधन की स्थिति में सम्बन्धित मॉड्यूल में संशोधन कर के ही आवेदन किया जाना है। यदि विवरण सही हो तो परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करें।
4. परीक्षार्थियों के फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद प्री–व्यू टैब के द्वारा संस्था के मूल अभिलेख में प्रविष्ठ सूचनाओं से परीक्षार्थियों के फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान करने के बाद ही फाइनली सबमिट करें।
5. संस्थाप्रधान समस्त आवेदन पत्रों (जनरेटेड एप्लीकेशन नम्बर युक्त) का प्रिन्ट लेकर विद्यालय रिकॉर्ड में सुरक्षित रखेंगे। किसी भी आवेदन पत्र की हार्डकॉपी प्रेषित नहीं की जानी है। **सनद रहे कि ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20.12.2019 है।**

अन्य निर्देशः–

1. परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन किये जाने बाबत अन्य जानकारी के लिए विभागीय वैबसाइट http://education.rajasthan.gov.in एवं शाला दर्पण वैबपोर्टल rajshaladarpan.nic.in का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
2. ऑनलाइन परीक्षा आवेदन किये जाने से सम्बन्धित किसी प्रकार की अधिक जानकारी अथवा शंका समाधान के लिए कार्यालय समय में दूरभाष नम्बर **0151–2226570** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(शिव प्रसाद)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्राशि/पंविप/प्राशिपूप/दिशानिर्देश/2019 दिनांकः 9.12.2019

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सचिव, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
4. निजी सचिव, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. निजी सचिव, निदेशक, आर.एस.सी.ई.आर.टी., उदयपुर।
6. तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., जयपुर को इस आशय के साथ कि वे सम्बन्धित पोर्टल्स पर ऑनलाइन आवेदन के माड्यूल प्रदर्शित करावें।
7. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त।
8. सिस्टम एनॉलिस्ट (एस.ए.), निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर को उक्त निर्देश विभागीय वैबसाइट पर अपलोड कराने वास्ते।
9. जिला शिक्षा अधिकारी (मु.), मा.शि./प्रा.शि., समस्त।
10. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समस्त।
11. रक्षित पत्रावली।

पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर